# लोकसभा चुनाव : लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाने के लिए उत्साह के साथ वोट डालने पहुंचे बुजुर्ग और युवा

## जयपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर उत्साह दिखा, फिर भी वोटिंग प्रतिशत वर्ष 2019 के मुकाबले कम रहा

**जयपुर** (कासं)। लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाने के लिए बुजुर्गों से लेकर युवाओं ने उत्साह दिखाया। शुक्रवार को प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग ने खास इंतजाम किए थे। जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में लोग उत्साह के साथ वोट डालने पहुंचे। "अंगुली पर स्याही" के साथ सेल्फी स्टैंड पर फोटो खींचवाने को लेकर युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया।

निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार जयपुर ग्रामीण में 56.58 और जयपुर शहर में 62.87 फीसदी मतदान हुआ, जबकि वर्ष 2019 में इन दोनों जगहों पर क्रमशः 65 व 68.11 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। यानि कि इस बार जयपुर शहर में पिछली बार की तुलना में 5.24 और जयपुर ग्रामीण में 8.42 प्रतिशत वोट कम डाले गए। इस कारण नेताओं से लेकर उनके समर्थकों के दिलों की धड़कनें तेज हैं।

पूरे राजस्थान में वोट प्रतिशत गिरने का एक बड़ा कारण गर्मी को माना गया है, लेकिन शुरुआती मतदान के समय में सुबह के 4 घंटे में भी मतदान प्रतिशत 21 प्रतिशत ही रहा था। तभी संकेत मिल गया था कि राजस्थान में इस बार जनता मतदान करने को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित नजर नहीं आ रही है। दोपहर के बाद तो 1 घंटे में ढाई तीन प्रतिशत वोट ही डाला जा सका। हालांकि शाम को 1 घंटे के दौरान मतदान प्रतिशत कुछ बढ़ा, लेकिन फिर भी अंतिम 1 घंटे में सिर्फ 7 प्रतिश वोट ही डाले जा सके।

मतदान में स्थानीय नेताओं से लेकर ब्यूरोक्रेट्स, साधु-संतों, बुजुर्गों, महिलाओं व नवदाताओं ने भी भागीदारी निभाई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने गांधीनगर स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में बने बूथ पर जाकर मतदान किया। सिविल लाइंस विधानसभा से भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने डीसीएम के लिटिल विंग्स स्कूल में बने बूथ पर जाकर मतदान किया। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर स्कूल में बने बूथ पर परिवार के साथ मतदान किया। मुख्य सचिव ने लाइन में लगकर अपनी बारी आने पर वोट दिया। जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने गांधी नगर स्थित पोलिंग बूथ पर वोट डाला। वोटिंग के बाद उन्होंने सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो भी खिंचवाई।

वोटिंग के दौरान राजधानी जयपुर के साथ कई ग्रामीण इलाकों में अलग-अलग नजारे देखने को मिले। हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य वोट देने के लिए गलत बूथ पर पहुंच गए। यहां वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिला तो दूसरे बूथ पर जाकर वोट दिया। इसके अलावा एक नव दंपत्ति शादी के जोड़े में वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचे। किसी ने शादी के बाद की रस्मों के बीच समय निकालकर वोट दिया। इस दौरान कुछ मतदाता ऐसे भी थे, जो ज्यादा उम्र के कारण चल नहीं पाते हैं, लेकिन अपने परिजनों के साथ पहुंचकर वोट दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने भी धोती-कुर्ता और साफा पहनकर वोट देने पहुंचे। पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं में भी उत्साह नजर आया। वोटिंग खत्म होने से कुछ मिनट पहले एक महिला दौड़ते हुए वोट देने के लिए पहुंची।

निर्वाचन विभाग ने फर्स्ट टाइम वोटर को प्रमाण पत्र दिया, जिसे पाकर नव मतदाताओं ने सेल्फी ली और उसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया।

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण के तहत पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को जयपुर में अपने मताधिकार का उपयोग किया।

साहू ने जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित राजकीय सेठ आनंदी लाल पोद्दार बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ संख्या 25 के केन्द्र पर पहुंचकर पत्नी अनीता साहू के साथ अपना मतदान किया।

इस अवसर पर साहू ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग के लाखों कर्मचारी कई महीनों से इस व्यवस्था में लगे है कि सभी मतदाता आराम से मतदान कर सके। ऐसे में सभी मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर आवश्यक रूप से मतदान करना चाहिए।

- **हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य वोट देने के लिए गलत बूथ पर पहुंच गए, यहां वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिला तो दूसरे बूथ पर जाकर वोट डाला**
- **निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार जयपुर ग्रामीण में 56.58 और जयपुर शहर में 62.87 फीसदी मतदान हुआ, जबकि वर्ष 2019 में इन दोनों जगहों पर क्रमशः 65 व 68.11 प्रतिशत वोटिंग हुई थी**



जयपुर के मतदान केन्द्रों पर सुबह 6 बजे से ही वोटिंग के लिए लोगों की कतारें लगना शुरू हो गई। सुबह 7 बजे जैसे ही वोटिंग शुरू हुई तो लोगों ने बारी-बारी से अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत



चलने फिरने में असक्षम बुजुर्ग महिला व्हीलचेयर से वोट देने के लिए पहुंची।




भाजपा की जयपुर शहर सांसद प्रत्याशी मंजू शर्मा ने उत्साह के साथ वोट डाला।




यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के छात्र आयुष्मान ने जयपुर में मतदान किया।



पहली बार वोट देने पहुंचे युवाओं ने सर्टिफिकेट के साथ सेल्फी ली।



भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह ने भी वोट डाला।



जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने परिवार के साथ दुर्गापुरा स्थित राजकीय बालिका स्कूल में मतदान किया।



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर स्कूल में बने बूथ पर परिवार के साथ मतदान किया।



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भी वोट डालने के बाद सेल्फी ली।



पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू ने पत्नी अनीता साहू के साथ पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया।

---

# रजवाड़ों व घरानों की शाही व्यंजनों को देशभर में प्रस्तुत कर रहे शेफ डॉ. सौरभ

## वर्ल्ड हैरिटेज डे पर राजस्थान की पाक हैरिटेज पर विशेष

**जयपुर**, (का.सं.)। महारानी गायत्री देवी की रसोई की शान चांदी की दाल और हुज़ूर का पुलाव, वहीं शाहजहां द्वारा बनाए गए नागौर के किले की दास्तां नागौरी क़ौरमा हो या जोधपुर घराने का प्रसिद्ध खड़ मुर्ग हो, राजस्थान अपने इतिहास में ऐसी कई रेसेपीज संजोय बैठा है। ऐसी ही कुछ राजस्थान की रॉयल परिवारों के खजानों में छुपी चुनिंदा रेसिपीज़ को जाने-माने शेफ डॉ सौरभ शर्मा पूरे भारत तक पंहुचा रहे हैं। राजस्थान के रजवाड़ों की रसोई की शान और पाक विरासत को जीवित रखने की कोशिश कर रहे शेफ सौरभ कई बड़ी उपाधियां अपने नाम कर चुके हैं। नेशनल चैनल फ़ूडएक्स्पी पर शो राजस्थानी रसोई के पहले सीजन की सफलता के बाद अब सीजन 2 के 10 एपिसोड्स के शो में शेफ जयपुर घराना, मेवाड़ घराना, जोधपुर घराना, बीकानेर घराना, कोटा घराना सहित विभिन्न रजवाड़ों के समय, स्वाद और सरलता को टीवी पर प्रस्तुत कर रहे है।

2018, 2019 में इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स और 2023 में लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स हासिल कर चुके शेफ सौरभ ने इंडियन फ़ूड में मास्टरी और राजस्थान के लुफ्त व्यंजनों और उसका पर्यटन उद्योग पर प्रभाव पर डॉक्टरी की है। साथ ही वे राजस्थान के मिलेटस-बाजरा और जवार को अपनी डिशेस में मुख्य रूप से बढ़ावा देते रहे हैं। जिसके चलते शेफ को एफएसएसआई द्वारा प्रसार भारती दिल्ली पर आयोजित हुए कार्यक्रम में शेफ रणवीर बरार, शेफ राकेश शेट्टी के साथ मिलेटस ऑफ़ इंडिया थीम पर राजस्थान मिलेटस पर तैयार की गई डिशेस की रेसिपीज़ शोकेस करने के आमंत्रित किया गया था। वहीं भारत सरकार द्वारा भारत पर्व के दौरान लाल किले पर लाइव कुकिंग करने के लिए पूरे देश से चयनित किए गए 6 शेफ्स में राजस्थान से सिर्फ उनका चयन किया गया।



मास्टरशेफ इंडिया की रीजनल ज्यूरी शेफ सौरभ ने बताया कि राजस्थानी खाने और उससे जुड़ी कहानियां हमारे प्रदेश की धरोहर है। राजस्थान के हर क्षेत्र से रॉयल क्यूज़ीन के साथ ही वहां की रिवाज़ और शौर्य की कहानी को भी मैं थाली में सजाने की कोशिश करता हूं। चाहे वो कोटा राजघराने और चम्बल नदी से निकली राई की मच्छी, दही मैथी मच्छी हो या मंडोर की मुगलों पर जीत की कहानी बाजर मींढा हो।

इन सभी रेसिपीज़ को इतिहास के पन्नों से निकलने के लिए मैंने राजस्थान की कई रॉयलिटीज का इंटरव्यू लिया, लिटरेचर की किताबों का सहारा लिया। साथ ही राज्य में विभिन्न जगहों पर संग्रह की गई मेन्यूस्क्रिप्ट्स से इन रेसिपीज़ के मसालों और प्रजनन की जानकारी हासिल की है।

# आठ दिन में दुकान में दो बार चोरी

**जयपुर**। कानोता इलाके में चोरों ने आठ दिन में एक दुकान को दूसरी बार निशाना बनाया है। चोर दुकान की दीवार में सेंधमारी कर किराने का सामान ले गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि माली की कोठी बगरना निवासी धारा सिंह (40) ने मामला दर्ज करवाया कि 52 फीट हनुमान मंदिर के सामने उनकी मैसर्स संत किराना स्टोर के नाम से दुकान है। गुरुवार रात करीब 9 बजे वे दुकान बंद कर वह घर चले गए। देर रात बदमाशों ने चोरी के लिए दुकान को निशाना बनाया गया। दुकान के जीने की दीवार में बड़ा छेद कर बदमाश अंदर घुस गया। इसके बाद दुकान में रखा करीब 3 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर लिया। दीवार में बने छेद से ही बदमाश सामान चोरी कर बाहर निकल गया। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे दुकान खोलने पर चोरी का पता चला। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पूरी घटना की जानकारी मिली। चोर रात करीब 1:45 बजे दुकान में घुसता दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने बताया कि 10 अप्रेल को भी मेरी दुकान में चोरी हुई थी। दीवार में बड़ा छेद करके बदमाश घुसा था। गल्ले में रखा कैश और करीब 3 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गया था। 18 अप्रेल की देर रात दोबारा दुकान में चोरी हुई। चोरी के लिए बदमाश ने एक ही पैटर्न अपनाया है। दुकान में घुसने के लिए पहले जहां छेद किया था, इस बार बदमाश ने थोड़ा उससे ऊपर छेद किया। इस बार करीब 3 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गया है। चोरी के पैटर्न से लग रहा है कि पिछले 8 दिनों में चोरी करने वाला चोर एक ही है।

# 'फुर्तीले' मूवी की स्टार कास्ट ने मचाया धमाल

## जस्सी गिल व अमायरा दस्तूर ने युवाओं को किया अट्रेक्ट



**जयपुर** । बॉलीवुड एक्टर्स अमायरा दस्तूर और पंजाबी सिंगर व एक्टर जस्सी गिल की पंजाबी फिल्म फुर्तीला 26 अप्रेल को रिलीज हो रही है। फिल्म को अमर हुंदल ने प्रोड्यूस किया है। फुर्तीला के प्रमोशन के लिए फिल्म की स्टारकास्ट शुक्रवार को दिल्ली पहुंची। इस दौरान स्टार कास्ट दिल्लीराइट्स से रूबरू होने के लिए शहर के अलग अलग स्थानों पर फिल्म का प्रमोशन करती दिखाई दी। अभिनेता जस्सी गिल व अभिनेत्री अमायरा दस्तूर टैक्निया कॉलेज पहुंचे, जहां स्टूडेंट्स ने फिल्म का पोस्टर हाथों में लेकर व फुर्तीला की टी-शर्ट पहनकर उनका वेलकम किया। दोनों ने टैक्निया कॉलेज के ऑडिटोरियम में लाइव परफॉर्मेंस दी। जस्सी गिल ने अपनी अपकमिंग मूवी 'फुर्तीले' के गाने सूरज, मैं कंवळा, ओ स्याणी है तां की होया...., प्यार चे हां...., हाल पुच्छी दा... और रब्बा.... पर प्रस्तुति देकर माहौल में खासा गर्मी पैदा कर दी। जस्सी गिल के डांस मूव्स पर युवा जमकर थिरके।

इसके बाद स्टार कास्ट केशव महाविद्यालय में फिल्म प्रमोशन के साथ साथ लोगों से इंटरेक्शन करती नजर आई। इस दौरान जस्सी गिल ने मीडिया से फिल्म के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा पंजाब से जुड़ी अनूठी कहानियों को करने के लिए तैयार रहता हूं। उन्होंने कहा- मैं कॉमेडी फिल्म करना चाहता था, जिसमें रोमांटिक एंगल भी हो और अच्छी तरह से उकेरे गए किरदार पेश किए हों, 'फुर्तीले' में यह सब कुछ है। जहां तक अमायरा की बात है, उन्होंने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए खास है। हालांकि इससे पहले पंजाबी फिल्मों एनी हाउ मिट्टी पाओ और चिड़ियां दा चंबा में काम किया है।

अमायरा ने फिल्म निर्माता अमर हुंदल और सह-अभिनेता जस्सी गिल के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

- **जवाहर सर्किल पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी, इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई।**
- **बी-टू-बाइपास पर भी तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राजधानी में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया।

जवाहर सर्किल पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बस को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

पुलिस के अनुसार तानाजी मार्ग ब्रह्मपुरी निवासी 19 वर्षीय चिन्मय गौड पुत्र संजय गौड बाइक लेकर घर जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे जवाहर सर्किल पर एक रोडवेज बस ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रोडवेज बस सवाईमाधोपुर डिपो की है। बस को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

वहीं बी-टू-बाइपास पर एक तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों युवक परीक्षा देने जा रहे थे। मामले की जांच दुर्घटना थाना दक्षिण पुलिस कर रही है।

पुलिस के अनुसार भांकरोटा निवासी 20 वर्षीय अरियंत पुत्र चौगान और उसका साथी सागर शर्मा स्कूटी पर सवार होकर परीक्षा देने जा रहे थे। बी टू बाइपास पर नारायण विहार के पास गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर अरियंत की मौत हो गई, जबकि सागर का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।